राजस्थान फाउण्डेशन
Rajasthan Foundation

# राजस्थान फाउण्डेशन

## वर्ष 2021-2022

### प्रगति विवरण/प्रशासनिक प्रगति प्रतिवेदन

जी-29, ग्राउण्ड फ्लोर, साउथ ब्लॉक, योजना भवन
युधिष्ठिर मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005 राजस्थान

# राजस्थान फाउण्डेशन

राजस्थान फाउण्डेशन, राजस्थान सोसायटी एक्ट–1958 के तहत पंजीकृत एक संस्था है। राज्य से बाहर रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों के साथ भावनात्मक बंध को मज़बूत करने, भावनात्मक रिश्तों को गरिमा प्रदान करने एवम्, उन्हें एक मंच पर लाने के उद्देश्य से, अन्तर्राष्ट्रीय राजस्थानी कॉन्क्लेव–2000 के सफल आयोजन के दौरान राजस्थान फाउण्डेशन के गठन का निर्णय माननीय मुख्यमंत्री द्वारा लिया गया था, जिसके परिणास्वरूप दिनांक 30 मार्च 2001 को राजस्थान फाउण्डेशन की स्थापना की गई, ताकि प्रवासी राजस्थानी अपनी मातृभूमि से उत्तरोत्तर जुड़ सकें।

राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष हैं, जबकि इसकी कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव हैं।

राजस्थान फाउण्डेशन अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु, विभिन्न प्रमोशनल एक्टिविटीज के लिए प्रतिबद्ध है।

देश–विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानियों से निरन्तर एवम् नज़्दीकी सम्बन्धों– व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए, प्रमुख रूप से, समाजिक क्षेत्र में गतिविधियों को अंजाम देने, कार्यकारी समितियों की समय–समय पर बैठकें आयोजित करने एवं नवीन सदस्यों के पंजीकरण हेतु राजस्थान फाउण्डेशन ने 12 शहरों, यथा चैन्नई, कोयम्बटूर, कोलकाता, सूरत, मुम्बई, बैंगलूर, अहमदाबाद, हैदराबाद, इन्दौर, लंदन, न्यूयार्क एवम् काठमाण्डू में चैप्टर्स खोले हैं।

राजस्थान फाउण्डेशन अपने चैप्टर्स एवं अन्य शहरोंमें, जहाँ प्रवासी राजस्थानी समुदाय बहुतायत में रहता हैं, उनसे अन्तर्संवाद कर राजस्थान के सामाजिक क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रेरित करने हेतु विपणन करने की दिशा में उत्साह से कार्यरत है। इन आयोजनों में प्रासंगिक विभागों का आवश्यकतानुसार सहयोग प्राप्त किया जाता है।

<u>बिन्दु संख्या</u> 1 :–

**संगठनात्मक ढांचा**

माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान फाउण्डेशन की **शासी निकाय** (Governing Body)के अध्यक्ष होते है। शासी निकाय के सदस्य निम्नानुसार है :–

1. माननीय मुख्यमंत्री महोदय – अध्यक्ष
2. मंत्रीगण (वित्त, उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, पर्यटन एवं आयोजना) –सदस्य
3. मुख्य सचिव –सदस्य
4. अति. मुख्य सचिव / प्रमुख शासनसचिव / सचिव(वित्त, उद्योग एवं आयोजना) –सदस्य
5. आयुक्त, राजस्थानफाउण्डेशन –सदस्य सचिव

मुख्य सचिव, राजस्थान, राजस्थान फाउण्डेशन की **कार्यकारिणी समिति** (Executive Committee) के अध्यक्ष होते है। कार्यकारिणी समिति के सदस्य निम्नानुसार हैः–

1. मुख्य सचिव, राजस्थान – अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति
2. प्रमुख शासनसचिव (वित्त) –सदस्य
3. शासनसचिव (आयोजना) –सदस्य
4. प्रमुख शासनसचिव (उद्योग) –सदस्य
5. आयुक्त, राजस्थानफाउण्डेशन –सदस्य सचिव

<u>बिन्दु संख्या 2</u> :–

वर्तमान में राजस्थान फाउण्डेशन के 2 कार्यालय है। क्रमशः जयपुर एवं नई दिल्ली, बीकानेर हाउस में स्थित है।

वर्तमान में जयपुर कार्यालय में स्वीकृत पदों के विरूद्ध भरे हुए पदों की स्थिति निम्नानुसार हैः–

| क्र.सं. | पद | पदों की संख्या | कार्यरत |
|---|---|---|---|
| 1. | आयुक्त | 1 | कार्यरत |
| 2. | लेखाधिकारी | 1 | कार्यरत |
| 3. | मैनेजर | 2 | प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत |
| 4. | प्रोग्रामर | 1 | प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत |
| 5. | कार्यालय सहायक | 1 | रिक्त |
| 6. | स्टेनों हिन्दी | 2 | कार्यरत |
| 7. | स्टेनों अंग्रेजी | 2 | रिक्त |
| 8. | वरिष्ठ सहायक | 1 | रिक्त |
| 9. | कनिष्ठ सहायक | 1 | कार्यरत |
| 10. | वाहन चालक | 1 | अनुबन्ध पर कार्यरत |
| 11. | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 2 | कार्यरत |
| | कुल | 15 | |

वर्तमान में नई दिल्ली कार्यालय में स्वीकृत पदों के विरूद्ध भरे हुए पदों की स्थिति निम्नानुसार है:—

| क्र.सं. | पद | पदों की संख्या | कार्यरत |
|---|---|---|---|
| 1. | निजी सचिव | 1 | सैकिण्डमेन्ट पर कार्यरत |
| 2. | निजी सहायक | 1 | रिक्त |
| 3. | सूचना सहायक | 2 | सैकिण्डमेन्ट पर कार्यरत |
| 4. | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 2 | अनुबन्ध परकार्यरत |

- वर्तमान में राजस्थान फाउण्डेशन में 2 अन्य अधिकारी सैकिण्डमेन्ट पर कार्यरत हैं। क्रमशः बीआईपी एवं पर्यटन विभाग।
- वर्तमान में राजस्थान फाउण्डेशन में 4 कन्सलटेन्ट के पद स्वीकृत है। जिनके विरूद्ध 1 कन्सलटेन्ट (वित्त) अनुबन्ध पर कार्यरत हैं।

<u>बिन्दु संख्या 3</u> :—

विभागीय प्रमुख कार्य तथा प्रत्येक प्रमुख कार्य के विरूद्ध आलौच्य वर्ष में प्रगति एवं उसकी विगत 3 वर्ष से तुलना

| | | | (राशि लाखों में) |
|---|---|---|---|
| वर्ष | संस्थापन | प्रमोशनल एक्टिविटीज | कुल व्यय |
| 2018—19 | 96.70 | 3.36 | 100.06 |
| 2019—20 | 79.13 | 4.81 | 83.94 |
| 2020—21 | 90.43 | 16.27 | 106.70 |
| 2021—22 (दिसम्बर 2021 तक) | 77.84 | 39.54 | 117.38 |

बिन्दु संख्या 4 :–

आलौच्य वर्ष की विशेष पहल एवं उपलब्धि

- राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा कोरोना की रोकथाम एवं चिकित्सा क्षेत्र मेंकिए गए कार्य :–

1. वैश्विक महामारी कोविड–19 के दौरान माह अप्रैल व मई 2021 में राजस्थान फाउण्डेशन के सहयोग से लगभग 3000 आक्सीजन कन्सनट्रेटर एवं अन्य राहत सामग्री प्रवासी राजस्थानियों द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भिजवाकर अपना हर सम्भव सहयोग किया।

2. आपताकालीन स्थिति हेतु प्रवासी राजस्थानियों की मदद से 8 Emergency Lung Ventilator उपलब्ध कराने के साथ–साथ अन्य चिकित्सकीय उपकरणभी राजकीय अस्पतालों में उपलब्ध करवाये गये।

3. WHO द्वारा कोविड–19 महामारी के खिलाफ सुरक्षा को बढ़ावा देने और समाज की सेवा करने के साथ साथ कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए World Book of Records London, द्वारा दिनांक 04 मई 2021 को राजस्थान फाउण्डेशन को Certificate of Commitment दिया गया।

4. दिनांक 22.05.2021 को राजस्थान फाउण्डेशन के समन्वय से माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के साथ प्रवासी राजस्थानियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस करवाई गई। इस कॉन्फ्रेंस में काफी संख्या में प्रवासी राजस्थानी उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। इस वर्चुअल संवाद का मूल उद्देश्य राजस्थान से बाहर रह रहे प्रवासी राजस्थानियों की इन विषम परिस्थितियों में कुशलक्षेम पूछना यथा, राज्य में रह रहे उनके परिवारजनों को इस महामारी से बचाने हेतु हर सम्भव प्रयास करने का आश्वासन दिया। दिनांक 22.05.2021 को मोबाईल एप के माध्यम से निःशुल्क परामर्श हेतु प्रवासी राजस्थानी डॉक्टर्स के साथ ''कॉल डोरी'' प्रोजेक्ट लांच किया गया।

5. दिनांक 14.08.2021 को आयुक्त, राजस्थान फाउण्डेशन ने दीर्घायु ऑक्सीजन प्लांट, पलसाना, सीकर का दौरा किया। इस उच्च कोटि एवं उच्च उत्पादन क्षमता वाले ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना प्रवासियों, भामाशाहों व जिला प्रशासन के सहयोग से की गई है।

6. दिनांक 17.08.2021 को मुख्यमंत्री निवास पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय को आयुक्त, राजस्थान फाउण्डेशन ने कोविड 19 के दौरान प्रवासी राजस्थानियों द्वारा की गई दान राशि रूपए 1532426.86 का चैक सौपा एवं मुख्यमंत्री द्वारा राजस्थान फाउण्डेशन के न्यूज लैटर ''माटी रो संदेश'' का विमोचन किया गया। इस मौके पर मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव (वित्त), प्रमुख शासन सचिव मा.मुख्यमंत्री महोदय; सचिव उद्योग उपस्थित थे।

7. राजस्थान फाउण्डेशन और SMS Medical College के सहयोग से राजस्थान मूल की यू. के. निवासी डॉ कुसुम नाथावत ने कक्षा 9वीं से 12वी कक्षा तक के छात्र जो कि डॉक्टर बनने के इच्छुक हैं उनके लिए जयपुर जिले के कुछ चुनिन्दा सरकारी और निजी स्कूलों में "Life of a Doctor" वर्कशॉप दिनांक 01 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आयोजित की। इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य उन छात्र–छात्राओं का ध्यान आकर्षित करना था जो कि चिकित्सा के क्षेत्र में भागीदार बनना चाहते है। इस श्रृंखला का औपचारिक समापन माननीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री, श्री रघु शर्मा, द्वारा दिनांक 18.10.2021 को किया गया। इस अवसर पर आयुक्त, राजस्थान फाउण्डेशन एवं NRR Doctors एवं एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सीनियर डॉक्टर सहित मेडिकल कॉलेज के कई छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

8. राज्य के पब्लिक हैल्थ कॉलेजों की स्थापना की दिशा में follow up discussion हेतु विडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से यूएसए एवं अन्य जगहों के प्रवासियों के साथ चर्चा की। इस चर्चा में प्रमुख शासन सचिव, स्वास्थ्य, शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा, प्रो. वाईस चान्सलर RUHS ने भी विचार रखें।

9. राजस्थान में कोरोना महामारी से निपटने के लिए जनसहयोग हेतु सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया गया।

- **Invest Rajasthan Summit-2022 में राजस्थान फाउण्डेशन का सहयोग**

1. जनवरी 2022 माहमें Invest Rajasthan Summit-2022 के मद्देनजर, विभिन्न शहरों में आयोजित किए जा रहे Pre-connect Investors Meeting की कड़ी में आयुक्त राजस्थान फाउण्डेशन, श्री धीरज श्रीवास्तव एवं आयुक्त, बीआईपी श्रीमती अर्चना सिंह, द्वारा दिनांक 04.10.2021 को बीकानेर हाउस नई दिल्ली में potential investors और प्रवासी राजस्थानियों के साथ वन टू वन संवाद किया।

2. जनवरी माह में प्रस्तावित Invest Rajasthan Summit-2022 के मद्देनजर, विभिन्न शहरों में आयोजित किए जा रहे Pre-connect Investors Meeting की कड़ी में आयुक्त राजस्थान फाउण्डेशन, श्री धीरज श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक, रीको, एवं अन्य अधिकारियों द्वारा कोलकाता में 29–30 अक्टूबर को पोटेंशियल इन्वेस्टर्स और प्रवासी राजस्थानियों के साथ वन टू वन संवाद किया।

3. दिनांक 12–18 नवम्बर 2021 को आयुक्त राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा राज्य सरकार के High level delegation के साथ दुबई एक्सपो, दुबई में भाग लिया। तथा दुबई के प्रवासी राजस्थानी और potential investor के साथ संवाद किया। निवेश की दृष्टि से इस एक्सपो में 45930 करोड़ के 24 MOU एवं 17 LOI पर हस्ताक्षर हुए।

4. Invest Rajasthan Summit-2022 के मद्देनजर, विभिन्न शहरों में आयोजित किए जा रहे रोड़ शो की कड़ी में आयुक्त राजस्थान फाउण्डेशन, द्वारा दिसम्बर में नई दिल्ली, मुम्बई, बैंगलौर, कोलकाता, चैन्नई, रोड़ शो में भाग लेकर प्रवासी राजस्थानी निवेशकों को राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया।

5. राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट में तथा USA Investor Meet में वर्चुअली भाग लेकर प्रवासी राजस्थानियों और निवेशकों को संबंधित जिला और राज्य में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया गया।

- **राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा सम्पादित प्रवासी कनेक्ट एवं प्रमोशनल गतिविधियों से संबंधित कार्यः—**

1. वैश्विक कोरोना महामारी से उत्पन्न संकट से निपटने के लिए राजस्थान सरकार के द्वारा समय—समय पर उठाये गये कदमों के अनुसरण में, राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा विदेश से आने वाल प्रवासी राजस्थानियों को भारत सरकार से समन्वय कर राजस्थान में लौटने हेतु प्रवासी राजस्थानियों की मदद की गई।

2. विश्वभर मे चिकित्सा क्षेत्रों में किये जा रहे नवीनतम उपायों की जानकारी उपलब्ध करवान हेतु देश—विदेश में बसे विभिन्न प्रवासी राजस्थानी डॉक्टर्स के साथ ऑनलाइन विडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित कर सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार किया गया।

3. प्रवासी राजस्थानियों से लगातार सम्पर्क बनाये रखने एवं राजस्थान फाउण्डेशन को और अधिक विजिबल बनाने हेतु "Hum Rajasthani" प्रोग्राम के अन्तर्गत कुछ ऐसे प्रवासी राजस्थानियों से रूबरू करवाया जा रहा है, जिन्होनें अपने कार्यों से देश—विदेश में ख्याति प्राप्त की है।

   श्री अनुप कुमार खण्डेलवाल, सीईओ, किराना किंग, के साथ संवाद किया गया, अमेरिका के 17 वर्षीय प्रवासी राजस्थानी निखिल मेहता, फुट यूएसए के चीफ यूथ कोऑर्डिनेटर, श्री के. के. मेहता, चीफ फाइनेंसियल एडवाइजर, जयपुर फुट यूएसए, बाड़मेर की श्रीमती रूमा देवी, अध्यक्ष, ग्रामीण विकास चेतना संस्थान, बाड़मेर, से संवाद किया गया। इन सभी संवाद को राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया गया।

4. दिनांक 05.05.2021 को Remembering Bapu in covid times विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित कर वैष्णव जन भजन के द्वारा बापू को याद किया गया एवं इस विषम परिस्थितियों में सकारात्मकता का प्रसार किया। इस मौके पर देश—विदेश के प्रवासियों ने भाग लिया।

5. राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा न्यूज लेटर प्रकाशित किया जाता है। जिसे देश विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानियों को भेजा जाता है। इसके माध्यम से राज्य में समय—समय पर हो रही गतिविधियों एवं राज्य में संचालित नवीन योजनाओं से अवगत कराया जाता है। राजस्थान फाउण्डेशन के न्यूज लेटर का नवीनतम संस्करण ''माटीरोसंदेश'' अगस्त 2021 में प्रकाशित किया गया है।

6. सोशल मीडिया के माध्यम से समय समय पर राज्य की गतिविधियों व नवाचार से प्रवासी राजस्थानियों को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त 10000 से भी अधिक प्रवासियों कोराजस्थान फाउण्डेशन एवं राज्य सरकार की गतिविधियों की जानकारी देने के उद्देश्य से E-mailer भेजे गए।

7. दिनांक 06.08.2021 को वीडियों कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से स्किल डवलपमेन्ट एवं केपेसिटी बिल्डिंग, पब्लिक हैल्थ एवं सोलर सेक्टर में स्किल ट्रेनिंग के लिए प्रस्तावों पर चर्चा की गई। कॉन्फ्रेन्स में चेयरमेन आरएसएलडीसी; आयुक्त, राजस्थान फाउण्डेशन एवं प्रबन्ध निदेशक, आरएसएलडीसी ने भाग लिया।

8. देश विदेश में रह रहे प्रवासी राजस्थानियों के साथ दिनांक 26.08.2021 को ऑनलाईन ग्लोबल तीज कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रदर्शित किया गया।

9. दिनांक 27.08.2021 को मारवाड़ी युवा मंच, दुबई, एवं प्रवासी राजस्थानियों के साथ आयुक्त, राजस्थान फाउण्डेशन ने संवाद किया। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच के अधिकारियों ने युवा मंच के कार्यो एवं गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई।

10. राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा दिनांक 04.09.2021 को "मिलिये सरकार से" एक अनूठी वर्चुअल श्रृंखला की शुरुआत की है जिसमें देश के विभिन्न राज्यों में और विदेशों में बसे प्रवासी राजस्थानी, राज्य सरकार के मंत्रियों, विधायकों एवं अधिकारियों से सीधी वार्तालाप कर सकेंगे और प्रदेश के सामाजिक–आर्थिक विकास में चल रही सरकारी योजनाओं और निवेश के अवसरों के बारे में जान पाएंगे और अपने सुझाव भी दे सकेंगें। इसी की प्रथम श्रृंखला में "मिलिये सरकार से" के तहत शहरी विकास एवं आवासीय मंत्री श्री शांति धारीवाल जी ने प्रवासियों से वार्तालाप की।

11. दिनांक 14.11.2021 को दीपावली के उपलक्ष्य में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान के मशहूर कलाकार एवं ओपेरा क्वीन सिंगर रितिषा रेवाड़िया, अनयना सिंघवी, अन्तर्राष्ट्रीय भवई नृत्यांगना, भंगुर खान व डेजर्ट सिम्फनी ग्रुप के कलाकारों द्वारा नई दिल्ली में अपनी प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में आयुक्त, राजस्थान फाउण्डेशन दुबई से जुड़े व दुनिया भर के प्रवासी राजस्थानी ऑनलाईन सम्मिलित हुए। जिन्होंने एक साथ दीप जलाकर एक जुटता का संदेश दिया।

12. राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा उन सभी प्रवासी राजस्थानियों को भी सहयोग किया जो कि सामाजिक / परोपकारी / धार्मिक कार्य के क्षेत्रों में निवेश करना चाहते है।

13. राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं/नीतियों से प्रवासियोंकोअवगत कराया गया। तथा इस दिशा में उनकी वांछितानुसार सहायता एवं सहयोग मुहैय्या कराईगई।

बिन्दु संख्या 5 :–

- सार – संक्षेप (Executive summary)

  राजस्थान फाउण्डेशन में राज्य सरकार से उपलब्ध करवाई गई राशि 3.50 करोड़ रूपए कॉरपस फण्ड के रूप में जमा है। इसके अतिरिक्त, रीको द्वारा राशि 5.00 करोड़ रूपए की राशि कॉरपस फण्ड हेतु उपलब्ध करवाई गई है।

राजस्थान फाउण्डेशन
Rajasthan Foundation


जी-29, ग्राउण्ड फ्लोर, साउथ ब्लॉक, योजना भवन
युधिष्ठिर मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005 राजस्थान
फोन : +91-141-2229111, 2229091
ईमेल : rajfound-rj@nic.in, rajfoundation@rajasthan.gov.in
वेबसाइट : www.rf.rajasthan.gov.in

RajasthanFoundationRF    rajfound_rj    RajFound